MAINS.com PRACTICE
Ladder of Your Selection...

**Test Subject: Indian Polity & Constitution** **TEST CODE: IPC0001**

**Time: 01:30 hrs**

1. भारतीय संदर्भ में "धर्मनिरपेक्षता" का क्या अर्थ है? भारतीय धर्मनिरपेक्षता की विशेषताओं पर चर्चा कीजिए और इसकी तुलना पश्चिमी मॉडल से कीजिए। (10 अंक, 150 शब्द)

   What does "secularism" mean in the Indian context? Discuss the features of Indian secularism and compare it with the Western model. (10 Marks, 150 Words)

2. संसदीय समिति प्रणाली की संरचना और महत्व पर चर्चा कीजिए। लोक लेखा समिति (PAC) जैसी वित्तीय समितियों ने भारतीय संसद के संस्थागत ढाँचे को किस प्रकार सुदृढ़ किया है? (10 अंक, 150 शब्द)

   Discuss the structure and significance of the Parliamentary Committee system. How have financial committees, such as the Public Accounts Committee (PAC), strengthened the institutional framework of the Indian Parliament? (10 Marks, 150 Words)

3. संसद और राज्य विधानमंडलों में बैठकों की संख्या में कमी के लिए जिम्मेदार कारकों और कानून निर्माण की गुणवत्ता और समग्र शासन पर इसके प्रभाव का आकलन कीजिए। (10 अंक, 150 शब्द)

   Assess the factors contributing to the decline in the number of sittings in Parliament and state legislatures, and its impact on the quality of legislation and overall governance. (10 Marks, 150 Words)

4. संसदीय विशेषाधिकार प्रणाली का क्या महत्व है, और इसकी व्याख्या और प्रवर्तन से क्या मुद्दे उठते हैं? (10 अंक, 150 शब्द)

   What is the significance of the parliamentary privilege system, and what issues arise from its interpretation and enforcement? (10 Marks, 150 Words)

www.mainspractice.com

**5.** विशेष रूप से युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग की लत और उससे संबंधित वित्तीय संकट से बचाने में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के व्यापक सामाजिक निहितार्थों पर चर्चा कीजिए। (10 अंक, 150 शब्द)

Discuss the broader societal implications of the Promotion and Regulation of Online Gaming Act, 2025, especially in protecting youth from online gaming addiction and related financial distress. (10 Marks, 150 Words)

**6.** भारतीय संविधान में संघ और राज्यों के बीच विधायी, प्रशासनिक और वित्तीय संबंधों का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। न्यायपालिका की व्याख्या ने इन प्रावधानों को किस प्रकार आकार दिया है? (15 अंक, 250 शब्द)

Critically analyze the legislative, administrative, and financial relations between the Union and the States as delineated in the Indian Constitution. How has the judiciary's interpretation shaped these provisions? (15 Marks, 250 Words)

**7.** जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अंतर्गत मतदाता पात्रता और निर्वाचक नामावली के प्रावधानों पर चर्चा कीजिए। स्वच्छ निर्वाचक नामावली के महत्व का भी आकलन कीजिए और आधार-लिंकिंग पहल के संदर्भ में, इसकी सटीकता और समावेशिता बनाए रखने में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के समक्ष आने वाली चुनौतियों का परीक्षण कीजिए। (15 अंक, 250 शब्द)

Discuss the provisions of voter eligibility and electoral roll under the Representation of the People Act 1950. Also assess the importance of a clean electoral roll and examine the challenges faced by the Election Commission of India (ECI) in maintaining its accuracy and inclusiveness, with reference to the Aadhaar-linking initiative. (15 Marks, 250 Words)

www.mainspractice.com

**8.** संघ और राज्यों के बीच कर राजस्व के वितरण की सिफारिश करके भारत में राजकोषीय संघवाद को बनाए रखने में एक संवैधानिक निकाय के रूप में वित्त आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करें। (15 अंक, 250 शब्द)

Discuss its pivotal role of Finance Commission as a constitutional body in maintaining fiscal federalism in India by recommending the distribution of tax revenues between the Union and the states. (15 Marks, 250 Words)

**9.** न्यायिक बोझ को कम करने के लिए भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्रों के उपयोग का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए। ये तंत्र शक्तियों के पारंपरिक पृथक्करण को कैसे प्रभावित करते हैं? (15 अंक, 250 शब्द)

Critically analyze the use of Alternative Dispute Resolution (ADR) mechanisms in India to reduce the judicial burden. How do these mechanisms affect the traditional separation of powers? (15 Marks, 250 Words)

**10.** राजनीति के अपराधीकरण से विधायी निकायों के कामकाज के लिए उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा कीजिए। इस समस्या के समाधान के लिए कौन से संवैधानिक और चुनावी सुधारों की आवश्यकता है? (15 अंक, 250 शब्द)

Discuss the challenges posed by criminalisation of politics to the functioning of legislative bodies. What constitutional and electoral reforms are needed to solve this problem? (15 marks, 250 words)

www.mainspractice.com